# Order Sheet (Subsequent)

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) जोधपुर CNR NUMBER ..................

Number of Case ........................A/300/.. Year 2023........

..............................शंकरलाल............. Versus ....सुरेश कुमार...................

अन्तर्गत धारा 212 RTA

| Date | Order with initials of Presiding Officer | Brief note of compliance of the Order |
|---|---|---|
| 20/5/24 | पत्रावली पेश हुई। वादी/प्रतिवादी अधिवक्ता उपस्थित/अनुपस्थित। पत्रावली में आज कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं होने के [illegible] हवाला लेकर पत्रावली पूर्व आदेशिकानुसार दिनांक 5/6/24 को पेश हो। | |
| 05/06/24 | पत्रावली पेश। वकुलाय उप॰। समस्त प्रार्थीगण अप्रार्थी सं॰ की तलबी पूर्ण हो चुकी है। प्रा॰ 01 की ओर से पूर्व में जवाब पेश। प्रा॰ पत्र पर उभयपक्ष बहस सुनी गई। वास्ते आदेश पत्रावली दिनांक 06/06/24 को पेश हो<br>Preinjkar<br>सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) जोधपुर | |
| 06/06/24 | पत्रावली पेश। उभयपक्ष बहस पर मनन किया गया। मुताबिक बहस प्रार्थी अधि॰ ख॰ सं॰ 739/1 (10 बीघा 10 बिस्वांशी) भूमि को पैपी देवी, चुकी देवी ने दिनांक 17/06/05 को गिरधारीराम, ओमप्रकाश, हगामी देवी से जरिए पंजीबद्ध बैयनामा खरीद कर कब्जा प्राप्त किया। उक्त हस्तांतरण का इंद्राज M.No. 1263 दिनांक 12/07/05 को राजस्व record में हुआ। दिनांक 07/11/16 को पेपी देवी के फौत होने के पश्चात विरासतन M.No. 8369 दिनांक 05/12/22 से वारिसान का नाम दर्ज हुआ। पैपीदेवी के वारिसान द्वारा अपने 1/2 हि॰ (05 बीघा 05 बिस्वांशी) का बेचान दिनांक 23/01/23 को प्रार्थी के पक्ष में किया गया। दिनांक 01/02/23 को चुकी देवी द्वारा अपने 1/2 हि॰ का बेचान प्रार्थी के पक्ष में किया गया। कब्जा प्रार्थी | |

# Order Sheet (Subsequent)

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) जोधपुर CNR NUMBER ..........

Number of Case .......... A/300/.. Year 2023..........

शंकरलाल .......... Versus .......... सुरेश कुमार ..........

अन्तर्गत धारा 212 RTA

| Date | Order with initials of Presiding Officer | Brief note of compliance of the Order |
|---|---|---|
| | को सुपुर्द किया गया। उक्त का राजस्व record में दिनांक 10/04/23 को M.no. 8369 द्वारा इंद्राज किया गया। दिनांक 25/07/23 को प्रार्थी द्वारा खरीदशुदा भूमि की चारदीवारी करते समय अप्रार्थी सं. 01 के agents द्वारा दखलअंदाजी की गई। अतः अप्रार्थी सं. 01 को अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किया जावे कि वे प्रार्थी के उपयोग- उपभोग में दखल ना करें।"<br>मुताबिक बहस अप्रार्थी- "ख. सं. 739/1 का बेचान दिनांक 25/02/10 को चुकी देवी, पंपी देवी द्वारा जरिए इकरारनामा संपूर्ण प्रतिफल प्राप्त कर अप्रार्थी सं. 01 के पक्ष में किया गया जिस पर पंपी देवी के वारिसान के हस्ताक्षर हैं। उक्त भूमि का कब्जा अप्रार्थी सं. 01 द्वारा प्राप्त कर लिया गया। विवादित भूमि की खातेदार चुकी देवी द्वारा गुलाबसिंह राजावत को दिये गये power of attorney के जरिए ख. सं. 739/1 का बेचान (1/2 हि.) दिनांक 23/02/23 को अप्रार्थी सं. 01 के पक्ष में किया गया। अप्रार्थी सं. 01 द्वारा वर्ष 2010 में ख. सं. 739/1 की चारदीवारी की गई। प्रार्थी द्वारा चार-दीवारी को नुकसान पहुँचाने पर FIR दर्ज करवाई गई। बिना कब्जे-काश्त किया गया बैयनामा शून्य है। अतः प्रा. पत्र खारिज फरमाया जावे।" | |

# Order Sheet (Subsequent)

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) जोधपुर CNR NUMBER ............

Number of Case ............ A/300/ ........ Year 2023

............ श्री लाल/ला ............ Versus ........ सुरेश कुमार ............

अन्तर्गत धारा 212 RTA

| Date | Order with initials of Presiding Officer | Brief note of co... of the Or... |
| --- | --- | --- |
| | Rebuttal में अप्रार्थी प्रार्थी द्वारा बताया गया कि "power of attorney निष्पादित करने वाले पक्षकार के फौत होने के पश्चात उसका प्रयोग गैर-कानूनी है। अप्रार्थी सं- 01 द्वारा वर्ष 2010 में agreement हो जाने के बाद 13 वर्षों तक registry नहीं निष्पादित की गई।" | |
| | उक्त के संदर्भ में अप्रार्थी अप्रार्थी सं- 01 द्वारा बताया गया कि "विवादित भूमि 90 A के green belt में आ जाने की वजह से conversion नहीं करवाया जा सकता था, अतः registry नहीं करवाई गई।" | |
| | उपरोक्त तथ्यों, बहस, दस्तावेजों के आधार पर प्रा- पत्र का निस्तारण निम्नानुसार किया जाता है-" | |
| | citations presented by Adv. App as follows: | |
| | 1. Suraj Lamp v/s State of Haryana - H' Supreme Court judgement - " No immovable property can be legally transferred through a General Power of Attorney, it can only be transferred by a registered deed of conveyence." | |
| | 2. Lanka Puri Grah Nirman v/s Raj Gau Sewa Sangh. H' Raj High court judgement - " Agreement to sell does | |

S.P.Ju

# FORM No. 123

(Order 24 Rule 7, Order 32 Rule 3)

# Order Sheet

CNR NUMBER ..........................

Court of सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) at जोधपुर ..........................

Kind of the Case 212 R.T.A 1955 ..........................

Number of Case A/300/ Year 2023

शंकरलाल .......................... Versus सुरेश कुमार ..........................

| Date | Order with initials of Presiding Officer | Brief note of compliance of the Order |
|---|---|---|
| | not create any right on immovable property."<br>3- Alta Sidda Reddy V/s Busi Subba Ready. H' Supreme Court judgement - "Two sale deeds - sale prior in time prevails."<br>उपरोक्त judgements की light में एवं agreement एक अपंजीकृत दस्तावेज होने के कारण राजस्व न्यायालय द्वारा इस पर विचार नहीं किया जावेगा। चूंकि प्रार्थी recorded खातेदार है, अतः प्रथम दृष्टया मामला, सुविधा का संतुलन, अपूरणीय क्षति प्रार्थी के पक्ष में साबित होते हैं। अप्रार्थी सं. 01 को पाबंद किया जाता है कि ख.सं. 739/, (10 बीघा 10 बिस्वांसी) भूमि में प्रार्थी के उपयोग, उपभोग में बाधा ना करे। विवादित भूमि के record की भी यथास्थिति बनी रहे। आदेश पढ़कर सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल-दफ्तर हो।<br>Priyanka<br>सहायक कलक्टर<br>(फास्ट ट्रैक) जोधपुर<br>[Seal: सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) जोधपुर] | |